**Title:** Requested not to serve non-vegetarian food in Government Guest Houses or Circuit Houses in this year since this year is being celebrated as the year of Non-violence by the Central Government.

**श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) :** उपाध्यक्ष महोदय, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं सदन में एक महत्वपूर्ण मामला उठाना चाहता हूं। भारत सरकार इस वर्ा को अहिंसा वर्ा के रूप में मना रही है। छः अप्रेल को भगवान महावीर की जयंती थी। उपाध्यक्ष महोदय, अहिंसा वर्ा के रूप में इस साल को मनाने के लिए भारत सरकार ने 100 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है। प्रदेश सरकारें भी अपने हिसाब से अहिंसा वर्ा में कुछ न कुछ रकम खर्च कर रही हैं। मैं जब एक बार सरकारी गैस्ट हाउस में गया तो वहां मैंने देखा कि खाने में मांसाहारी भोजन दिया जा रहा है, जबकि इस वर्ा को हम अहिंसा वर्ा के रूप में मना रहे हैं। मैंने इस बाबत राट्रपति जी को, प्रधान मंत्री जी को और प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को और महामहिम राज्यपाल को चिट्ठियां लिखी है कि जब अहिंसा वर्ा के रूप मे भारत सरकार इस वर्ा को मना रही है और केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारें धन भी खर्च कर रही हैं, तो सरकारी गैस्ट हाउस में मांसाहारी खाना जारी रखना ठीक नहीं है। जो साढ़े तीन हजार वन्य प्रजातियां पृथ्वी से उठ चुकी हैं, यह वर्ा भगवान महावीर के जन्म को अहिंसा वर्ा के रूप में मनाया जा रहा है, कम से कम इस साल किसी भी गेस्ट हाउस या सर्किट हाउस में मांसाहारी भोजन न परोसा जाये, यही मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं।